दिनांक : 20.11.2018
समय : अपराह्न 03.00 बजे
स्थान : आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ सभागार

मान्य कुलपति जी की अध्यक्षता में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्त्वाधान में विभागाध्यक्षों एवं संकायाध्यक्षों की बैठक ईश वन्दना के साथ प्रारम्भ हुई तथा निम्नलिखित निर्णय लिये गये।

1. सभी विभागाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने विषय के पाठ्यक्रम में Vedic Contents and Innovative Program का समावेश BOS के माध्यम से कराया जाये।

2. समय समय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, मानव संसाधन विकास मत्रांलय, भारत सरकार द्वारा भेजी गयी समितियों द्वारा सुझाव एवं 18.07.2016 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक के निर्णय के आलोक में विश्वविद्यालय के शिक्षकों का शिक्षण कार्य तीनों परिसरों के सम्बन्धित विभागों में आवश्यकतानुसार अगले सेमेस्टर से सुनिश्चित किया जाये जिससे की तीनों परिसरों के विद्यार्थियों को सभी शिक्षकों के अनुभव का लाभ मिल सके।

3. विभागीय स्तर पर आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ यूनिट का गठन करके मुख्य आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ को सूचना दी जाये तथा प्रत्येक मास उक्त यूनिट के माध्यम से विभागीय गतिविधियों की सूचना आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ को दी जाये।

4. विद्यार्थियों की उपस्थिति के सन्दर्भ में एक समिति का गठन निम्न प्रकार किया गया है। 1-प्रो0 पी0सी0 जोशी, अध्यक्ष, 2-प्रो0 विवेक कुमार, सदस्य, 3-प्रो0 ब्रह्मदेव, सदस्य, 4-प्रो0 पंकज मदान सदस्य-संयोजक। निर्णय लिया गया कि उक्त समिति एक सप्ताह के अन्तर्गत अपनी रिपोर्ट कुलसचिव को प्रेषित करेगी।

5. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी शिक्षकों की विश्वविद्यालय में कम से कम 05 घण्टे की उपस्थिति विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष द्वारा सुनिश्चित की जाये।

6. संकायाध्यक्षों द्वारा अपने अवकाश की सूचना कुलपति कार्यालय में प्रेषित की जाये। संकायाध्यक्ष की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति की सूचना संकायाध्यक्ष कार्यालय में भी होनी चाहिए।

7. सभी विभागाध्यक्षों द्वारा विभागों की रिसर्च सम्बन्धी सूचना डीन रिसर्च को दी जाये तथा डीन रिसर्च द्वारा विश्वविद्यालय की सभी शोध गतिविधियों की अर्द्धवार्षिक रिपोर्ट मुख्य आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ में जमा की जाये।

8. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/मानव संसाधन विकास मत्रांलय, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा समय समय पर विभिन्न प्रारूप में सूचनायें मांगी जाती है। उक्त सभी सूचनायें आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ को सभी विभागों द्वारा निर्धारित समय के अन्तर्गत निर्धारित प्रारूप में भेजी जाये।

9. सभी शिक्षकों द्वारा अपना बायोडाटा विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर निर्धारित प्रारूप में भरकर सम्बन्धित वेबसाइट समिति को प्रेषित करें। उक्त सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप अतिशीघ्र आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा सभी विभागों को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

10. विश्वविद्यालय में एक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ बनाया जाए, जिसकी गतिविधियाँ सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के समन्वयक द्वारा संचालित हो, उक्त प्रकोष्ठ के लिए वार्षिक बजट भी निर्धारित किया जाए।

शान्ति पाठ के पश्चात् बैठक सम्पन्न हुई।

***

29/11/18
अध्यक्ष

29.11.18
निदेशक, आ0गु0आ0प्रकोष्ठ